जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः एफ / प्रशा / स्था / 2024 / 8356 दिनांक 03/06/24

// अधिसूचना //

दिनांक 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। अतः समस्त अध्ययनशालाओं / विभागों / विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रातः 07:00 बजे से 09:00 बजे तक साफ–सफाई कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

अतः दिनांक 05 जून 2024 को समस्त शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारी अनिवार्य रूप से निश्चित समय पर अपने विभाग में उपस्थित रहकर स्वयं एवं अपने अधिनस्थ कर्मचारियों से अपने विभाग और आसपास की साफ–सफाई करावें। साथ ही उक्त अभियान से संबंधित फोटो / वीडियो आदि प्रशासन विभाग की ई–मेल आई.डी.– juadmsection@gmail.com पर भेजना भी सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं सभी छात्र / छात्राओं को अभियान में सम्मिलित करें।
2. समस्त शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारी, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. प्रभारी, स्वास्थ्य केन्द्र, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. समन्वयक एन0एस0एस0, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं सभी छात्र / छात्राओं को अभियान में सम्मिलित करें।
5. प्रभारी, यंत्री विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ प्रेषित की स्वच्छता अभियान संबंधी प्रचार–प्रसार हेतु उचित बैनर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
6. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
7. जनसम्पर्क अधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
8. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
9. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

सहा0–कुलसचिव (प्रशासन)